rcues

# क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ

## कार्यालय टिप्पणी एवं आदेश

WR4/27431/24/2020-21
06/11/2020

1. श्री हिमॉशु चन्द्र, सहायक निदेशक
2. सुश्री प्रियंका कुमार, अर्बन प्लानर
3. श्री विप्लव साहू, अर्बन प्लानर

शासनादेश संख्या–2347/33–2–2020 दिनांक 03 नवम्बर, 2020 (छायाप्रति संलग्न) के क्रम में आरसीयूईएस, लखनऊ को जिला पंचायतों हेतु बिल्डिंग नियमावली का आलेख्य उपलब्ध कराया जाना है। अतः उक्त के संबंध में उप निदेशक, जिला पंचायत एवं श्री प्रवीण कुमार, अभियंता के साथ विचार–विमर्श हेतु एक बैठक रख ली जाये।

2. इस बिल्डिंग बायलॉज के संबंध में वर्तमान में एन0बी0ओ0 तथा अर्बन डेवलपमेंट से संबंधित जो भी गाईडलाईन्स भारत सरकार द्वारा निर्गत की गयी हैं उनका समावेश करते हुए नियमावली को इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाये।

संलग्नकः यथोपरि।

(ए0के0गुप्ता)
अपर निदेशक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, आरसीयूईएस, लखनऊ को अवलोकनार्थ।
2. डा0 अलका सिंह, उप निदेशक, आरसीयूईएस, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्य में कोर्डिनेट करने का कष्ट करें।
3. श्रीमती रचना ऋषि, प्रकाशन अधिकारी, आरसीयूईएस, लखनऊ को आरसीयूईएस, लखनऊ की वेब साइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ए0के0गुप्ता)
अपर निदेशक

ई–मेल

संख्या–2347 /33–2–2020

प्रेषक,

अवधेश कुमार खरे,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– उप निदेशक,
जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक,
लखनऊ।

2– श्री प्रवीण कुमार,
अभियन्ता,
जिला पंचायत अनुश्रवण काष्ठक, लखनऊ।

P.O./UP(P)/UP(V)/ स.नि.(H)
कृपया तत्काल कार्यवाही करें तथा website पर भी डाल दें।

पंचायती राज अनुभाग–2 लखनऊ : दिनॉक :03 नवम्बर, 2020

विषयः– प्रदेश की जिला पंचायतों में समान बिल्डिंग बायलॉज लागू किये जाने विषयक नियमावली बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग की अध्यक्षता में आहूत बैठक दिनांक 07–10–2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश की जिला पंचायतों में समान बिल्डिग बायलॉज लागू किये जाने हेतु नियमावली तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि काफी समय व्यतीत हो जाने के बावजूद अभी तक बिल्डिंग बायलॉज का आलेख्य तैयार कर उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतः कृपया श्री ए0के0 गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ से सम्पर्क स्थापित कर बिल्डिंग बायजॉज नियमावली का हिन्दी एवं अंग्रेजी आलेख्य तैयार कर शीघ्र उपलबध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( अवधेश कुमार खरे )
उप सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि श्री ए0के0 गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया दिनांक 07–10–2020 को अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग के अध्यक्षता में हुई बैठक में हुए विचार विमर्श के कम में प्रदेश की जिला पंचायतों हेतु बिल्डिंग बायजॉज नियमावली का आलेख्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अजीत कुमार सिन्हा)
अनु सचिव।

Rajesh PR-2, G.O-1108